संख्या–cm-96
20/02/2019

बिहार विधान परिषद की पत्रिका ''परिषद् साक्ष्य, जन से जननायक कर्पूरी ठाकुर'' एवं श्री रामलखन सिन्हा 'चंदापुरी' रचित पुस्तक 'दीप–प्रभा' का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

पटना, 20 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री हारून रशीद ने आज सभापति कक्ष में बिहार विधान परिषद की पुस्तक ''परिषद् साक्ष्य, जन से जननायक कर्पूरी ठाकुर'' का विमोचन किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद स्थित अपने कक्ष में श्री राम लखन सिन्हा 'चंदापुरी' द्वारा लिखित पुस्तक 'दीप–प्रभा' का भी विमोचन किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधान पार्षद श्री अशोक चौधरी, श्री राम लखन सिन्हा 'चंदापुरी' की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन्तला देवी 'चंदापुरी', सुपुत्र श्री इन्द्र कुमार 'चंदापुरी', राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******